Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 03-04-2023 | अंक 530

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जिले के बारियातू थाना क्षेत्र के कंडरका नदी के पास एनएच 99 पर दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि बरियातू थाना क्षेत्र के करमाही गांव का दिलीप उरांव रविवार को किसी काम से बारियातू आया था। वह देर रात बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी बीच कंडरका नदी के पास बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दिलीप की मौके पर मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

### छापेमारी कर पुलिस ने फरार दो अभियुक्तो को गिरफ्तार करके भेज जेल

**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार रूमहुआडांड थाना प्रभारी आशुतोष यादव के निर्देशानुसार सोमवार को पुआनि रतन टूडू के नेतृत्व में थाना पुलिस गांव सरनाडीह में छापेमारी अभियान चलाकर कई महीनो फरार चल रहे नामजद प्राथमिक दो अभियुक्तो को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। पुआनि रतन टूडू ने बताया कि फरार अभियुक्त सलाम अंसारी उर्फ सद्दाम अंसारी ( 29 ) और आजाद अंसारी (20) गांव तम्बोली नवाटोली निवासी हैं। गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि दोनों घर आए हुए हैं, जहां दोनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, छापामारी अभियान में पुआनि अजय कुमार दास, रौशन कुमार और जिला पुलिस बल जवान मौजूद थे।

### ट्रक टैंकर में टक्कर, चालक घायल

**अपेम लाइव : बरही**

देवचन्दा मोड़ के पास मछली लोड ट्रक ने वाटर टैंकर में टक्कर मार दी। जिसके कारण ट्रक चालक अपने ही ट्रक में दब गया। स्थानीय लोगों के मदद से उसे बाहर निकाल कर बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुता. बिक देवचंदा मोड़ के पास पानी पटा रहा एक वाटर टैंकर से उक्त ट्रक एक कार को बचाने के चक्कर में टक्कर मार दिया।

## बड़कागांव में दो मोटरसाइकिल आपस में टकराई, मोटरसाइकिल चालक सहित तीन की घटनास्थल पर मौत, दो गंभीर रूप से घायल, स्थिति नाजुक रिम्स रेफर





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

केरेडारी मार्ग स्थित सूर्य मंदिर के आगे दोहरवा के पास सोमवार संध्या लगभग 5:30 बजे दो मोटरसाइकिल की आपसी भिड़ंत में 3 लोगों की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई एवं दो लोगों की स्थिति नाजुक बताया जा रहा है। घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से बड़कागांव सदर अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टर बेतिया के द्वारा उपचार कर हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सभी मृतक एवं सभी घायल इंटर का एग्जाम लिखकर घर वापस जा रहे थे। दोनों मोटरसाइकिल की टक्कर इतनी भयानक थी कि टक्कर के बाद मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के उपरांत मोटरसाइकिल में आग लग गई। जिससे एक घायल एवं मृतक आग के लपट से बुरी तरह से झुलस गए। मृतक की पहचान नगडी निवासी मो. हम्मद साहिल पिता सलामत मियां, मोहम्मद समीर पिता मोहम्मद तोहिद एवं चमड़ा निवासी दिलीप कुमार पिता दिलेश्वर महतो के रूप में पहचान किया गया। वहीं नीतीश कुमार पिता सत्यनारायण महतो एवं अनिल कुमार पिता सुखदेव महतो की स्थिति नाजुक होने के कारण हजारीबाग रेफर कर दिया गय। मृतक एवं घायलों की उम्र 17 से 19 साल के बीच में है। घटना के बाद बड़कागांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा ले रही है। सड़क जाम हो गया है और दोनों छोर से आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो गया है। समाचार लिखे जाने तक दो घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही थी।


## बरही 203 कोबरा बटालियन ने चतरा के नौडीहा जंगल 5 इनामी माओवादी नक्सली को मार गिराया





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही में स्थापित कोबरा 203 बटालियन ने चतरा के लावालौंग थाना अंतर्गत नौडीहा जंगल में पिछले दो दिनों से हो रही नक्सली मुठभेड़ में पांच इनामी नक्सलियों को मार गिराया है। सभी नक्सली सीपीआई माओवादी से जुड़े थे। सभी स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य थे। इन पांचों में मारे गए गौतम पासवान एवं अजीत उर्फ चार्लिश उरांव पर 25 लाख का इनाम घोषित था। इसके अलावा मारे गए तीन नक्सली अमर, नंदू और संजीत गुडिया पर भी पांच पांच लाख का इनाम घोषित था। ये तीनों सब जोनल कमांडर थे। इनके पास से 02 एके 47 रायफल, एक इंसास रायफल एवं दो देशी रायफल बरामद किया गया है। इस संबंध में कोबरा 203 के पीआरओ एस आई पंकज कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया की की 02 अप्रैल को बरही कोबरा 203 के द्वारा एक सर्च अभियान चलाया गया जिसमे यह जानकारी थी की नौडीहा जंगल में नक्सली का जुटान होना था। जब जानकारी पुख्ता हो गई तो कोबरा 203 के जवानों के द्वारा पहाड़ के चारो ओर घेर लिया गया। अपने को घिरता देख नक्सली फायरिग करने लगे। जवाबी फायरिंग में कोबरा 203 के जवानों ने भी मोर्चा संभाली। एसपी चतरा, कोबरा कमांडेट एवं द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में जवाबी फायरिंग की गई। सैकड़ो राऊंड फायरिंग के बाद 5 नक्सलियों को मार गिराया गया। साथ ही उनके पास से हथियार जब्त किए गए। कोबरा सीओ ने बताया की उनके पास इतनी पुख्ता जानकारी थी की समय पर उचित निर्णय लेकर धावा बोला गया। जिसके कारण ही इतनी बड़ी सफलता मिली। एरिया कमांडर, सब जोनल कमांडर के ढेर होने से नक्सलियों की कमर पूरी तरह टूट गई है। उक्त कार्रवाई टीम नंबर 15 एवं 16 के द्वारा की गई है।










डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## डीएवी नए शैक्षणिक सत्र की हुई शुरुआत

**अपेम लाइवः लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार रुजिला मुख्यालय के जलता ग्राम स्थित भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार से नए शैक्षणिक सत्र में नामांकित नए बच्चों एवं साथ ही साथ नई कक्षाओं में उतीर्ण हुए बच्चों का विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर आर्य संस्कृति परंपरा के अनुसार विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने वैदिक हवन- यज्ञ -मंत्रोच्चार के साथ पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया ।इस अवसर पर संगीत शिक्षक सूरज मिश्रा के नेतृत्व व निर्देशन में बच्चों के लिए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया जो वैदिक हवन यज्ञ और गायत्री मंत्र सहित कई वेद मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हुआ ।वैदिक हवन यज्ञ में कक्षा एलकेजी से आठवीं तक के सभी विद्यार्थी एवं विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया ।इस अवसर पर सभी बच्चे और उनके अभिभावक काफी उत्सा. हित नज़र आ रहे थे। प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने बच्चों के समुचित तथा सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों को प्रयासरत रहने की अपील की। उन्होंने बच्चों से परिश्रम के फल और अनुशासन विषय पर भी चर्चा किये। उन्होंने शिक्षा में बदलाव और बच्चों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति को परखने के लिए सभी कक्षाओं में सीसीए ,ड्राइंग , भाषण, क्विज ,पेंटिंग, संगीत जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने जानक. ारी देते हुए कहा कि नए शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यालय में प्रवेश परीक्षा प्रारंभ कर दिया गया है। विद्यालय कार्यालय से नामांकन फ०र्म प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर विद्यालय के राकेश रंजन तिवारी, अरुण कुमार पांडेय, सुशील कुमार दुबे ,रवि प्रकाश तिवारी, विश्वनाथ साहा,शकुंतला पाल, अजीत कुमार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

**अपेम लाइवः लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत टोरी बा. लूमाथ शिवपुर रेलवे लाइन में बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम अंतर्गत महुआटांड़ के पास रेल पटरी पार करने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से महुआटांड़ टोला निवासी सुनील गंझु की पत्नी गुड़िया देवी 30 वर्ष की मौत हो गई सप्राप्त जानक. ारी के अनुसार गुड़िया देवी महुआ चुनने के लिए रेल पटरी पार कर रही थी कि इसी दौरान वह मालगाड़ी की चपेट में आ गई सइस दुर्घटना में उसका दोनों पैर और एक हाथ कट गया। उसे गंभीर अवस्था में बा. लूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर ड०क्टर अमरनाथ प्रसाद ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दियासघायल महिला ने रांची रिम्स में पहुंचने के साथ ही दम तोड़ दिया। मृतक महिला के 4 छोटे-छोटे बच्चे हैं।

## जामडीह स्वास्थ्य उप केन्द्र में हमेशा ताला लगा रहता है, झोला छाप डॉक्टर से इलाज कराने को मजबूर ग्रामीण

**अपेम लाइवः लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



महुआडांड़/लातेहार रुमहुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ओरसा पंचायत के जामडीह गांव में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन में हमेशा ताला लगा रहता है ।स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपल. ब्ध कराने के लिए 2016 में लाखो रूपए की लागत से उपस्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किया गया था लेकिन भवन बनने के बाद भी संचालन नहीं हो रहा है ।उपस्वास्थ्य केन्द्र बंद पड़े हैं और भवन खण्डर में तब्दील हो रहा हैं ।ऐसे में पठार क्षेत्र के आदिवासी ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जामडीह के रमेश यादव, देसनी देवी, उमा नगेसिया, महेन्द्र नगेसिया एवं ललगु नगेसिया ने बताया कि विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की योजना तो बना लिया लेकिन आज तक उनके संचालन की व्यवस्थाएं नहीं किया है। भवन बनने के बाद एक दिन भी नहीं खुला है। उप स्वास्थ्य केंद्र हमलोग अधिकारियों को कई बार केन्द्र खोलने को कहे, लेकिन स्टाफ की कमी का बहाना लगाकर टाल दिया जाता है। हमलोग झोला छाप डॉक्टर से इलाज कराने को मजबूर है। कभी-कभी गलत दवा लेने पर लोगों के जान पर बन आती है। कुछ की जान भी चली गई। ये पठार क्षेत्र है और छत्तीसगढ़ ब०र्डर से सटा हुआ हमे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड जाने के लिए 60 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है।

APEM
LIVE

## प्रखंड प्रमुख ने किया एक आंगनबाड़ी व चार विद्यालय का औचक निरीक्षण, कई गड़बड़ियां मिली, सुधार का निर्देश



निरीक्षण करते प्रमुख मनोज रजक एवं अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार रजक अपने उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा एवं पंचायत समिति सदस्य प्रभु यादव के साथ कोलुआ कला पंचायत में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र एवं कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण कर वे विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र की वर्तमान स्थिति से अवगत हुए । सर्वप्रथम प्रमुख मनोज रजक आंगनबाड़ी केंद्र तिलैया बस्ती पहुंचे, जहां सेविका एवं सहायिका उपस्थित थी। लेकिन उनके द्वारा नियमित बच्चों की उपस्थिति दर्ज नहीं पाई गई। हालांकि आंग. नबाड़ी में पढ़ रहे बच्चों ने बताया कि उन्हें खिचड़ी, सूजी, गुड एवं बदाम दिया जाता है । प्रमुख ने आंग. नबाड़ी सेविका एवं सहायिका को नियमित उपस्थिति पंजी दर्ज करने का निर्देश दिया। मौके पर सेविका एवं सहायिका ने उन्हें शौचालय की कमी एवं उससे हो रही परेशानियों से अवगत कराया। उसके बाद प्रमुख उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलैया बस्ती पहुंचे, जहां बच्चों को मेन्यू के अनुसार मध्यान भोजन दिया जा रहा था । पूरा विद्यालय परिसर साफ सुथरा मिला । बच्चे भी अनुशासन में एवं ड्रेस में दिखे । हालांकि विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रमुख को विद्यालय में कमरा की कमी एवं सड़क की जर्जर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने मौके पर ही जल्द ही सड़क बनाने का आश्वासन दिया। उसके बाद वे उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चंदा बीघा पहुंचे, जहां बच्चों की संख्या काफी कम पाई गई। इस वजह से प्रमुख ने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को डोर टू डोर जाकर विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों को विद्यालय में नामांकन कराने का निर्देश दिया । उसके बाद प्रमुख एवं उनकी टीम उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेला पहुंची। जहां पर बच्चों के लिए कमरा की कमी दिखी। कमरा की कमी के कारण बच्चे फर्श पर बैठे दिखे । प्रधानाध्यापक बी पंडित ने उन्हें विद्यालय के समस्याओं से अवगत कराया । मौके पर प्रमुख ने खुद मध्यान भोजन कर मध्यान भोजन की गुणवत्ता की जांच की । जिसमें मध्यान भोजन गुणवत्ता पूर्ण पाई गई । तत्पश्चात प्रमुख उत्क्रमित मध्य विद्यालय बधिया जबाड पहुंचे। सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने, समय पर विद्यालय की छुट्टी करने का निर्देश दिया। इसके बाद बिजैया उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र भवन में गोबर गोयथा एवं पुआल रखा मिला। इसे देखकर उन्होंने काफी नारा. जगी व्यक्त की और मौके पर से डीएस ड० प्रकाश ज्ञानी से बात की साथ ही भवन को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया। उप स्वास्थ्य केंद्र में बिजली का अभाव पाया गया। भवन भी साफ नही था। चारो ओर गंदगी देखी गई। मौके पर एएनएम संजू राणा ने केंद्र की समस्या से अवगत कराया। मौके पर रमेश ठाकुर, उमेश कुमार, चंद्रिका कुमार, देवलाल कुशवाहा सहित कई लोग मौजूद थे।

## गांव-गांव घर-घर तक आयुर्वेद और योग को पहुंचाना है - सुनीता गुप्ता

**अपेम लाइवः लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



महुआडांड़/लातेहार रुमहुआडांड़ प्रखंड के दुर्गा बाड़ी परिसर में महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता के द्वारा एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड के महिलाओं ने इस शिविर में भाग लिया और योग से होने वाले फायदे की जानकारी दी। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य है प्रखंड के गांव-गांव घर-घर तक आयुर्वेद और योग को पहुंचाना जिससे पूरा प्रखंड स्वस्थ एवं निरोग रहे, इस योग शिविर में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी राधिका प्रसाद, महुआडांड़ संरक्षिका मधु देवी, बिंदु नगेसिया, रूबी नगेसिया, सोनी देवी, समेत अन्य महिलाओं ने भाग लिया।

## घायल युवक का इलाज के दौरान मौत, दुखित परिवार से मिले पूर्व विधायक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कपका निवासी राजू पासवान के 17 वर्षीय पुत्र गोबिंद पासवान 27 मार्च को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था ।परिजनों ने आनन फानन में रांची के ओरमांझी के स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज हेतु ले गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गोबिंद पिता का इकलौता पुत्र था। मृतक का पार्थिव शरीर आज कपका उनके घर लाया गया। खबर पाते ही गांव में मातम छा गया परि. जनों को रो रो कर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव दुखित परिवार के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाए। तथा शवयात्रा में शामिल हुए। मौके पर मुखिया कमलेश कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो,दयानंद चौधरी, झरी कुमार, रोशन कुमार, डालेश्वर पंडित, विजय यादव, नागेश्वर पंडित, सीताराम मंडल, विजय पा. सवान, गणेश यादव, राहुल कुमार, कार्तिक पा. सवान, बसंत पंडित, प्रेमचंद प्रसाद, आदि ग्रामीण उपस्थित थे

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कोनार डीवीसी कार्यालय के समक्ष विस्थापितों द्वारा आमरन अनशन की बनी रणनीति

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




बनासो पंचायत के नावाटांड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मैदान में सोमवार को विस्थापित संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया चंद्रशेखर पटेल तथा संच. ालन पंसस प्रतिनिधि राज. कुमार महतो ने किया। बैठक में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार से डीवीसी कोनार डैम कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन करने का आह्वान किया गया। अनशनकारियों में विस्थापित युवा सुरेश राम तथा महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल मुख्य रूप से शामिल होंगे। बैठक में दर्जनों विस्थापितों ने बारी-बारी से अपनी बातें रखी। विस्थापित माही पटेल ने कहा कि डीवीसी ने हमसे हमारी जमीनें छीनी, हमारा पहचान छीना। इसके बदले में डीवीसी ने हमें बेरोजगारी, बेबसी और लाचारी दी है। आज तक विस्थापन के बदले मिली जमीन का मा. लिकाना हक तक नहीं दिया गया। सुरेश राम ने कहा कि डीवीसी अधिकारी सिर्फ बरगलाने का कार्य कर रही है। इसे और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब सीधा आंदोलन होगा। बैठक में जीतन महतो, गुलाब प्रसाद वर्मा, सहदेव राम, दीपचंद महतो, टेको महतो, कैला महतो, बिशुन महतो, नीलकंठ महतो, सोमर राम, हरिलाल महतो, अमृत महतो, मनोज महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भारत की पहली महिला डॉक्टर आधारित झांकी को महा समिति ने पुरस्कृत किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के अवतार युवा क्लब लोहार मुहल्ला तैतरीय टोला के द्वारा विजयदशमी की रात निकाली गई भारत की प्रथम महिला डॉक्टर पर आधारित झांकी ग्रामीणों को खूब आकर्षित की। जिसे देखते हुए महा समिति के अध्यक्ष बिंदेश्वर कुमार दांगी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, सिविल सोसा. इटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व पंसस राजीव रंजन, संजय सागर आदि बुद्धिजीवियों ने क्लब के अध्यक्ष अनु विश्वकर्मा, सचिव रमेश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कैलाश राम एवं अन्य सदस्यों को सम्मानित किया। मौके पर अवतार क्लब को समिति के द्वारा नगद पुरस्कार भी दिया गया। झांकी में किरदार निभाए कलाकारों को मेडल एवं शील्ड देकर सराहना की गई। मौके पर मुख्य रूप से घनश्याम विश्वकर्मा, संकर विश्वकर्मा, सिकंदर विश्वकर्मा, कारू पासवान, सुनील पासवान, कनहया विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, विक्की , जगरनाथ पासवान, लक्ष्मण एवं अनिल पासवान के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## हेलमेट के बिना सफर पर निकला युवक, बना आखिरी सफर, सड़क दुर्घटना में मौत

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



परिवहन विभाग द्वारा लगातार सड़क सुरक्षा नियमो का पालन करने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। बावजूद लोग हेलमेट न पहनकर अपनी जान तक गवां रहे है। मौत में के बाद सबके जुवां पर एक ही बात होती है काश युवक ने हेलमेट पहना होता तो बच जाता जान। सिंघरावां में ही एक घटना घटित हुआ । बताया जाता है कि जीटी रोड स्थित सिंघरावां के समीप अज्ञात वाहन की चपेट मर आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सड़क किनारे पड़े शव को सिंघरावाँ के ग्रमीणों ने देखा और चौपारण पुलिस को सूचना दिया। घटना स्थल पर पहुँची चौपारण पुलिस ने शव को कब्जे लेकर अन्तरपरिक्षण के लिए हज़ारीबाग़ भेज दिया। बाइक की तलाशी लिया गया तो युवक के पैकेट वोटर आईडी मिला। मृतक युवक की पहचान बेलाही पंचायत के रतनाग निवासी सुखदेव भुइयाँ के 25 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुवा। बताया जाता है कि युवक बरही से अपने घर जा रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया और सड़क किनारे लगे बैरिकेट से जा टकराया। घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पहुँचे परिजनों ने शव को पहचान किया। परिजनों का रो रो के बुरा हाल है।







